समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

**कुलसचिव,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक/प्रभारी/समन्वयक
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**महोदय/ महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त वर्ग के जिन छात्र/छात्राओं ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (सत्र 2025–26) हेतु आवेदन किया है, ऐसे समस्त छात्र/ छात्राओं को समाज कल्याण विभाग के आदेशानुसार संस्था स्तर से आवेदन पत्र अग्रसारण के पूर्व आवेदन कर्ता की बायोमैट्रिक की अनिवार्यता की गयी है।

उपरोक्त हेतु पूर्व में निर्गत अनुसूचियों (Schedule) के अतिरिक्त अद्यतन संलग्न अनुसूची (Schedule) के अनुसार छात्र/ छात्राओं द्वारा बायोमैट्रिक करवाना निर्धारित किया गया है।

उपर्युक्त के सन्दर्भ में अनुरोध है कि कृपया अपने अधीनस्थ संकाय, विभाग में अध्ययनरत जिन छात्र/ छात्राओं ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (सत्र 2025–26) हेतु आवेदन किया है, उन्हे विभिन्न माध्यमों से प्रचार/ प्रसार करते हुए संलग्न अद्यतन अनुसूची (Schedule) में निर्धारित तिथि एवं समयावधि में कुलसचिव कार्यालय में छात्रवृत्ति अनुभाग में बायोमैट्रिक की प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु सूचित करने का कष्ट करें। जिससे कोई भी पात्र छात्र/ छात्रा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित न रहे।

भवदीया,

(डॉ भावना मिश्रा)
कुलसचिव

पत्र संख्या : SC/ST-246-49 दिनांक : 07/01/2026.

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. इन्चार्ज वेबसाइट ल0वि0वि0 को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की प्रत्याशा में।
3. इन्चार्ज यू०डी०आर०सी०, ल0वि0वि0।
4. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने के आशय के साथ प्रेषित।

Bmisla

कुलसचिव

| परिसर | विवरण | वर्ग/ जाति | तिथि | बायोमैट्रिक हेतु निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|
| नवीन परिसर (New Campus) | दिनांक 06 जनवरी, 2026 तक आवेदन पत्र जमा करने वाले आवेदक | सामान्य वर्ग | 08 जनवरी, 2026 | 11.00 a.m. से 12.30 a.m. तक |
| | | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग | | 12.35 p.m. से 01.30 p.m. तक |
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | 02.00 p.m. से 04.30 p.m. तक |
| मुख्य परिसर (Old Campus) | दिनांक 06 जनवरी, 2026 तक आवेदन पत्र जमा करने वाले आवेदक | सामान्य वर्ग | 09 जनवरी, 2026 | 11.00 a.m. से 12.30 a.m. तक |
| | | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग | | 12.35 p.m. से 01.30 p.m. तक |
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | 02.00 p.m. से 04.30 p.m. तक |
| उभयपरिसर (Both - Old & New Campus) | दिनांक 07 जनवरी, 2026 से 10 जनवरी 2026 तक आवेदन पत्र जमा करने वाले आवेदक | समस्त वर्ग | 12 जनवरी, 2026 | 11.00 a.m. से 01.30 p.m. एवं 02.00 a.m. से 04.30 p.m. |
| उभयपरिसर (Both - Old & New Campus) | 12 जनवरी, 2026 एवं अग्रेत्तर निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र जमा करने वाले समस्त वर्ग/ जाति के छात्र/ छात्राएं आवेदन पत्र जमा करने की तिथि/ दिवस के अगले कार्यालयी दिवस/ तिथि में प्रातः 11.00 से सायं 4.30 तक | | | |

**नोट : अब तक बायोमैट्रिक करा चुके समस्त छात्र/ छात्राओ को सूचित किया जाता है कि 09 जनवरी, 2026 से एवं अग्रेत्तर तिथियों/ दिवसों में छात्रवृत्ति पोर्टल पर लॉगिन करके अपना स्टैटस जाँच लें, यदि संस्था स्तर से अग्रसारित (Forwarded) प्रदर्शित नही हो रहा है तो अविलम्ब छात्रवृत्ति अनुभाग में सम्पर्क करें, अन्यथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थति के लिए सम्बन्धित छात्र/ छात्रा स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

आज्ञा से

उपकुलसचिव (नोडल ऑफीसर, छात्रवृति)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।